कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्या– 195/34/ई–1/एस–11/2024–25
प्रयागराज, दिनांकः 01 जुलाई, 2026

संशोधित विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० यूनानी निदेशालय विभाग के अन्तर्गत यूनानी चिकित्साधिकारी (विज्ञापन सं०–डी–6/ई–1/2025, विभाग सं०–एस–11/30) के 25 पदों हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा का आयोजन दिनांक–18.12.2026 को प्रस्तावित है। उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना पूर्व में विज्ञप्ति दिनांक–08 अप्रैल, 2026 के माध्यम से जारी की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से जारी परीक्षा योजना को आयोग द्वारा संशोधित करते हुए, संशोधित परीक्षा योजना लागू की गयी है, जो निम्नवत् हैः–

- 150 वस्तुनिष्ठ प्रकारक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्नपत्र होगा। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंक का होगा।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का 1/3 अंक (0.33) दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
- प्रश्न–पत्र निम्नानुसार दो भागों में विभक्त होगाः–

भाग	विषय	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	पूर्णांक	समय
I	सामान्य अध्ययन	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	50	150	450	2 घंटे
II	यूनानी चिकित्सा अधिकारी पद हेतु निर्धारित विषय	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	100	300		
प्रश्नों की कुल संख्या			150	कुल अंक 450		

नोटः–स्क्रीनिंग परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) हेतु निर्धारित अंक 50 (पचास) है।

2–उक्त यूनानी चिकित्साधिकारी पदों की स्क्रीनिंग परीक्षा से संबंधित पूर्व में जारी पाठ्यक्रम (विज्ञप्ति दिनांक–08 अप्रैल, 2026 के माध्यम से) यथावत/पूर्ववत् रहेगा। जो आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(सुनीता गौतम)
अनु सचिव।